# मंथन ने किया ''आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन'' का आयोजन



**बहरोड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ''आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन'' का आयोजन किया गया। ट्रस्ट सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में घरों से निकलने वाले जरूरत योग्य कपड़ों, खिलौनों, बर्तन, जूते, शॉल, स्वेटर इत्यादि सामग्री को एकत्रित कर शक्ति विहार कॉलोनी स्थित मजदूर बस्ती के जरूरतमंद परिवारों में वितरित किया गया। साथ ही बच्चों को शिक्षा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। शिक्षा ही वह माध्यम है जो उन्हें उनकी वर्तमान स्थिति से उभार सकता है। वहीं डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि हमारी भारतीय संस्कृति में यह समय त्योहारों की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है। अत: गत छ: वर्षों से यह कैंपेन निरंतर चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज को यही संदेश देना है कि तीज त्यौहारों की सार्थकता और सच्ची खुशी जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान बाँट कर ही प्राप्त की जा सकती है। इस मुहिम को सम्बल प्रदान करने में दीपक जैन, सारिका जैन, प्रसीता चंद्रन, स्वाति चंद्रन, सुषमा गोस्वामी, वसंती यादव, सलीम ठेकेदार, चंद्रेश सैनी, अंकित सैन इत्यादि की विशेष भूमिका रही।

# नववर्ष पर जरूरतमंद बच्चों को बांटी गर्म जैकेट

**बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंग्रेजी नववर्ष के उपलक्ष में शनिवार को हाईवे पर स्थित जरूरतमंद मजदूर परिवार के बच्चों को दीपक जैन व सुनील गोयल के सौजन्य से गर्म जैकेट वितरित की गई। ट्रस्ट सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि गत 5 वर्षों से इसी प्रकार मंथन द्वारा नूतन वर्ष का शुभारंभ किया जाता है। संभलता बचपन अभियान नाम से चलाई जा रही यह मुहिम बच्चों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए एक नीव का पत्थर है। साथ ही डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि इस दौरान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर भी जोर दिया गया क्योंकि शिक्षा ही वह माध्यम ही जो इन्हें इनकी वर्तमान स्थिति से उभार




सकता है। इन पुनीत कार्य में गोस्वामी दंपत्ति सहित अंकित सेन, चिन्मयी गोस्वामी व केशवी गोस्वामी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर बहरोड़-नीमराना भास्कर 01-03-2022



बहरोड़. मंथन स्कूल के वार्षिकोत्सव पर बच्चों को सम्मानित करते हुए।

# शिक्षा से दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने से होगी उनकी सार्थक मदद

**बहरोड़|** मंथन स्पेशल स्कूल का तृतीय वार्षिकोत्सव एवं मंथन दिव्यांग सारथी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स राजकुमार यादव व अति विशिष्ट अतिथि प्रधान सरोज बस्ती राम यादव रहे। विशिष्ट अतिथि सुणीलाल मीणा थानाधिकारी बहरोड़, डॉ पुष्पेंद्र जैन एवं कृष्ण देव गिरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष संस्कार भारती ने की। स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी समाज का एक हिस्सा है और हमें इन्हें तिरिस्कार की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। शिक्षा एवं रिहैबिलिटेशन से बच्चे भी आत्मनिर्भर बन पाने में सक्षम हों सकते हैं। जिसमें सभी को सहयोग करने पर बल दिया। इस दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, डॉ. सविता गोस्वामी, वसंती यादव, सुषमा गोस्वामी, रामसिंह मोरोडिया, राहुल, रवीना, अंकित सैन, शालिनी शर्मा, अमित कुमार यादव, घनश्याम यादव, पार्षद संजय मीर, सांत्वना जेना, वरुण कुमार यादव, दीपक सैनी, दीपक शास्त्री आदि मौजूद रहे।

**बहरोड़ @ पत्रिका.** कस्बे केम मंथन स्पेशल स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त राजकुमार यादव,प्रधान सरोज यादव रहे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ.पुष्पेंद्र जैन,थानाधिकारी सुणीलाल मीणा व उमेश शर्मा रहे।




इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त ने कहा कि दिव्यांग भी हमारे समाज का एक हिस्सा है। इन्हें सही शिक्षा देकर इन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में संजय मीर, प्रमोद अग्रवाल, डॉ.सविता गोस्वामी, डॉ.पीयूष गोस्वामी, बस्तीराम एडवोकेट, रामसिंह, वरुण कुमार, शालिनी शर्मा, अमित कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित कर मनाया बाल दिवस

बहरोड़, कस्बे के शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बाल दिवस अनूठे अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवालिक चेयरमैन वरुण कुमार यादव प्रधानाध्यापक रमेश सुथार व मंथन फाउंडेशन चेयरमैन डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। बाल दिवस को विशेष बनाने हेतु कबड्डी, खो-खो, नींबू चम्मच रेस, म्यूजिक चेयर, मेंढक दौड़, लंबी कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर व मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों को शिवालिक परिवार द्वारा सर्दियों से बचने हेतु ट्रैक सूट वितरित किए गए इस नेक कार्य में वरुण जी सहित शाला परिवार के बच्चों का भी सहयोग रहा। अपने उद्बोधन में वरुण कुमार यादव ने बताया कि मंथन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य अतुलनीय है। यादव ने कहा कि इन आम बच्चों के सहयोग से ही यह विशेष बच्चे समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर आगे बढ़ सकते हैं। इन दिव्यांग बच्चों के प्रति सहयोग व उन्हें साथ लेकर चलने की भावना शुरू से ही इन बच्चों में डालनी होगी इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा अपने उद्बोधन में इसे सराहनीय पहल बताते हुए शिवालिक परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया व बच्चों को सर्वप्रथम एक अच्छा इंसान बनने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, शालिनी शर्मा, पवित्रा मेम ,राकेश सर ,अजय गुप्ता, दयानंद, सिखा मेम सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



# विशेष योग्यजन के लिए इलेक्शन सेल का शिविर आयोजित



**बहरोड़.** शिविर में जानकारी देते कर्मचारी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बहरोड़.** मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित मंथन स्पेशल स्कूल में रविवार को उपखंड अधिकारी श्यामसुंदर चेतीवाल के निर्देशन में इलेक्शन सेल,बहरोड़ द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें ऐसे विशेष योग्यजन जो अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवा पाए उनके आवेदन प्राप्त किये गए।साथ ही इलेक्शन सेल बहरोड़ से आये प्रतिनिधि अनिल यादव एवं सत्येंद्र कुमार ने बताया वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा।जिसमें 1 जनवरी 2004 से पहले जन्में व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत मे टीम द्वारा दिव्यांगजन को अल्पाहार करवाया गया। कैम्प में डॉ. पीयूष गोस्वामी, डॉ. सविता गोस्वामी,श ालिनी शर्मा, अंकित सेन सहित विशेष योग्यजन उपस्थित रहे।

# बहरोड में सेरेब्रल पाल्सी अवेयरनेस शिविर का आयोजन




**बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के नि:शुल्क विद्यालय मंथन स्पेशल स्कूल में बुधवार को सेरेब्रल पाल्सी अवेयरनेस कैम्प का आयोजन किया गया।

मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि जयपुर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अवतार डोई व उनकी टीम द्वारा शिविर में उपस्थित सेरिब्रल पाल्सी या परमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रसित बत्तीस बच्चों का परीक्षण किया गया । उन्हें आवश्यकतानुसार बच्चों की विशेष देखरेख, खानपान, इलाज व एक्सरसाइज संबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। दिव्यांगता के इस प्रकार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इस समस्या के तीन प्रमुख कारण होते है। गर्भावस्था के दौरान इन्फेक्शन, जन्म के समय की चोट या जन्म के बाद बच्चे का ना रोना। जिसके कारण मस्तिष्क को ऑक्सीजन सप्लाई नही पहुँच पाता और वह हिस्सा काम नही करता।

यह होने के कारण बच्चे गर्दन नही संभाल पाते, बैठ नही पाते, चल नही पाते या समय के अनुसार उनकी शारीरिक वृद्धि नहीं हो पाती। इस सम्बंध में डॉ. अवतार द्वारा फिजियोथेरेपी के साथ साथ हाईपर बैरिक ऑक्सीजन थैरेपी की जानकारी भी दी गयी।

जो इन बच्चों के जीवन मे काफी सकारात्मक बदलाव ला सकती है। शिविर के दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, सुधांशु जोशी, डॉ. करण गुर्जर, डॉ. दिलपेन्द्र सिंह, रामसिंह मोरोड़िया, प्रदीप यादव, ललिता प्रजापत सहित बच्चे व अभिभावक 8 उपस्थित रहे।

# अलवर जिले में पहली बार
# सेरेब्रल पाल्सी

## Cerebral Palsy Awarness Camp

## फिजियोथैरेपी & HBOT

# जानिए क्या व क्यों जरुरी है सही ईलाज

**NO REGISTRATION FEE**

INDIA'S FIRST THERAPY HOSPITAL
Re-life™
PHYSIOTHERAPY & REHAB HOSPITAL
(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL)
**HBOT**
(HyperBaric Oxygen Therapy)

**31 MARCH 2021 (WED)**
12PM to 3PM
at
**मंथन स्पेशल स्कूल**
( मंथन फाउण्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित )

गोस्वामी सदन, आईसीआईसीआई बैंक के पास, बहरोड, जिला अलवर

dlm #8005533850

**NO SPOT REGISTRATION**
केवल रजिस्टर्ड मरीजों को ही देखा जायेगा

**हजारों सेरेब्रल पाल्सी बच्चों को दिया नया जीवन**



## बच्चों में अनदेखा ना करें

- एक साल का बच्चा गर्दन नहीं संभाल पा रहा हो और वह चल नहीं पा रहा हो।
- बच्चे के समय के साथ शारीरिक विकास न हो रहा हो।



डॉ. अवतार डोई (P.T.)
( सेरेब्रल पाल्सी फिजियोथैरेपिस्ट )

अधिक जानकारी के लिये कॉल करें
**+91 8875 553 332, 9636634444**

पुष्पा टॉवर, माँ विद्या निकेतन के सामने शास्त्री नगर, जयपुर 302016 ( राज. )

# दिव्यांग बच्चों को किया सम्मानित



बहरोड़. विश्व विकलांगता दिवस पर बच्चों को सम्मानित करते हुए।

**बहरोड़|** शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र पर शुक्रवार को विश्व विकलांगता दिवस के उपलक्ष्य में काबिलियत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक सुरेश कुमार चौधरी की। इस अवसर पर संस्था के दिव्यांग बच्चों ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और खेलकूद के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दृष्टि बाधित छात्र छोटू राम ने अपने मधुर आवाज में माता की स्तुति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बेटियों को बचालो गाने की प्रस्तुति दी और छात्र मनीष ने कविता सुनाई। खेलों में बच्चों ने म्यूजिकल चेयर, जलेबी दौड़, आंख हाथ के समन्वय के खेल तथा नृत्य कार्यक्रमों से मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान शिक्षक अरुण, सुभाष चंद्र, रवि कुमार, अनिल कुमार, राकेश कुमार, महेश कुमार, मांगेराम, बंशीराम मौजूद रहे।

उधर, मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निशुल्क स्कूली यूनिफॉर्म वितरित की गई। कार्यक्रम में विराट और नेहा को पढ़ाई और एक्सरसाइज में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, शालिनी शर्मा, अंकित सेन, मोनिका मेघवाल, ज्योति, विराट नेहा, सुमित, अनमोल, दीक्षित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शैक्षिक भ्रमण के बाद काफी उत्साहित नजर आए दिव्यांग

**बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन द्वारा संचालित मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए शुक्रवार को शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। संस्था सचिव डॉ.सविता गोस्वामी ने बताया कि यह शैक्षिक भ्रमण पवन एवं श्रुति द्वारा अपने बेटे गौरिक के जन्मदिन पर प्रायोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों को निकट स्थित हाईवे एक्सप्रेस होटल में ले जाया गया। जहां बच्चों ने प्रकृति के साथ समय व्यतीत किया और पार्क में झूलों और खेल का आनंद लिया। साथ ही बच्चों ने केक काटा और गानों पर डांस भी किया। साथ ही बच्चों ने अपने मनपसंद खाने का भी मजा लिया। इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित और खुश नजर आए।



संस्थापक डॉ.पीयूष गोस्वामी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की जरूरत भी अन्य बच्चों की तरह ही होती है। इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का न केवल बौद्धिक विकास होता है बल्कि बच्चों को विभिन्न परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करने में भी मदद मिलती है। जिससे इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में मदद मिलेगी और यही संस्था का उद्देश्य भी है। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम के प्रायोजक श्रुति और पवन का धन्यवाद दिया जिनके सौजन्य इस भ्रमण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रामसिंह मोरोडिया, शालिनी शर्मा, रुबीना, एवं अन्य बच्चे मौजूद रहे।


HAPPY
BIRTHDAY

# मंथन स्पेशल स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित

**बहरोड़, 16 मार्च (निसं)।** मंथन स्पेशल स्कूल में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने सभी बच्चों एवं स्टाफ को चंदन का तिलक कर होली की शुभकमाएं दी।



सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया होली भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह रंगों का त्योहार है। व्यक्ति के जीवन में हर रंग का एक अलग महत्व है। रंग न केवल जीवन में खुशहाली लाते हैं बल्कि जिंदगी का एक मकसद भी बनते हैं।

मंथन स्पेशल स्कूल में आने वाले हर दिव्यांग बच्चे के जीवन को रंगीन बनाना ही संस्था का उद्देश्य है। यहां पर आने के बाद ये दिव्यांग बच्चे न केवल एक खुशी का अनुभव करते हैं बल्कि शिक्षा और थेरेपी के माध्यम से आत्मनिर्भरता के स्वपन को साकार करते नजर आते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों को गुंजिया भी खिलाई गई। साथ ही बच्चों ने डांस कर और रंग लगा कर प्रेम पूर्वक होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के साथ डॉ पीयूष गोस्वामी, अंकित सेन, शालिनी शर्मा, दीपक शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# गंडाला में श्याम प्रभ की झांकी के साथ ध्वजा यात्रा निकाली

सम्पर्क ✦ सहयोग ✦ संस्कार ✦ सेवा ✦ समर्पण

राष्ट्र देवो भवः

# भारत विकास परिषद्

शाखा – बहरोड़ (राज.उ. पूर्व)

एवं

# मन्थन फाउण्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, बहरोड़

के संयुक्तत्वाधान में

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए

# निःशुल्क होम्योपैथिक दवाई वितरण

आज के युग में कोविड़-19 अथवा कोरोना वायरस कमजोर इम्म्यून सिस्टम पर गंभीरता से अटैक करता है। कोरोना पर की गई एक रिसर्च के अनुसार होम्योपैथी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए अच्छे से कार्य करती है। भारत विकास परिषद् व मन्थन फाउण्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, बहरोड़ यह दवा निःशुल्क देकर कोरोना व मानवता के बीच इस युद्ध में एक छोटा सा सहयोग प्रदान कर रहा है। अतः आपसे निवेदन है आप यह दवा लेकर लाभान्वित हो।

## दवाई लेने की विधि :-

1. खुराक - 4 गोली - सुबह - तीन दिन तक खाली पेट लेनी है।
2. गोली को ढक्कन में डालकर सीधे ही लेना है। पानी से नहीं लेना है।
3. कोरोना वायरस का असर कम न होने की स्थिति में एक महीन बाद इस दवाई को पुनः उपरोक्तानुसार लेना है।
4. दवाई लेने के आधे घण्टे बाद तक कुछ नहीं खाना है।
5. यदि किसी प्रकार की दवाई पहले से ले रहे हैं तो चिकित्सीय परामर्श के बाद ही इसे लें।
6. यह किट आपके पूरे परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। परिवार के सभी सदस्यों को यह दवाई अवश्य दें।
7. यह दवाई सभी आयु वर्ग हेतु सुरक्षित है।

**दो गज दूरी, मास्क है जरूरी**


| शाखा अध्यक्ष | शाखा सचिव | शाखा कोषाध्यक्ष | संयोजक |
|---|---|---|---|
| **दीनदयाल खण्डेलवाल** | **विपिन कुमार शर्मा** | **संजय मीणा** | **मुकेश अग्रवाल** |
| मो. 9251067800 | मो. 9983839000 | मो. 8003998050 | मो. 9414453770 |

| संस्थापक | सचिव | संरक्षक |
|---|---|---|
| **डॉ. पीयूष गोस्वामी** (मो. 9887162278) | **डॉ. सविता गोस्वामी** | **डॉ. बसन्ती यादव** |



बहरोड़. कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में प्रस्तुति देते दिव्यांग बच्चे।

# दिव्यांग बच्चों ने श्रीकृष्ण के मनोहारी स्वरूप सजाए

**भास्कर न्यूज़ | बहरोड़**

मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर पर शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने रूप सज्जा प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्था की वसंती यादव, डॉ सविता गोस्वामी ने कृष्ण के विभिन्न रूपों में सजाई गई झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद बच्चों ने कृष्ण और राधा के परिवेश में नृत्य, भजन व कहानी के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुतियां दी। बच्चों की सर्वाधिक आकर्षित करने वाली मटकी फोट प्रतियोगिता में लोग आनंदित हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया और प्रभु से बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर हृदयांश, आध्या, ऋषि, जयेश, दक्ष, विराट, हर्षित, तनवी, आयुष, चिन्मयी, केशवी, अमित कुमार यादव, अंकित सैन, प्रवीण सैनी, पूजा यादव, सुरेश यादव, संदीप शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**बहरोड़।** मंथन दिव्यांग रिहेबिलिटेशन सेंटर में 73वां गणतंत्र दिवस दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि मंथन फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निशुल्क रिहेबिलिटेशन सेंटर में दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मंथन डायरेक्टर डॉ. पीयूष गोस्वामी ने संदेश दिया कि इन दिव्यांग बच्चों को भी हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए चलना है, साथ ही इनमें राष्ट्र प्रेम की भावना भी जगानी है ताकि राष्ट्र के निर्माण में ये बच्चे भी अपनी सहभागिता निभा सकें। डॉ.गौस्वामी ने कहा कि हर वर्ष 26 जनवरी व 15 अगस्त दिव्यांगों के बीच मनाई जाती है। इस दौरान तिरंगा ध्वज लहराकर सलामी भी दी जाती है।

# निःशुल्क दवाई वितरण व टेली कॉउंसलिंग की




**बहरोड़ (डिजिटल राजस्थान)** मिशन उल्लास कैंपेन के अंतर्गत मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोरोना वारियर्स की सुरक्षा के मद्देनजर निःशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की जा रही है व टेली काउंसलिंग के माध्यम से कोरोना के चलते डर, चिंता, उदासी, निराशा से ग्रस्त लोगों को निःशुल्क परामर्श व चिकित्सकीय सलाह भी दी जा रही है। ट्रस्ट सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इसी क्रम में प्रथम पंक्ति योद्धाओं के रूप में कार्य कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहयोगिनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क होम्योपैथीक दवाइयों के 50 किट दिए गए तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता यादव को सर्वे के रूप में दिए जा रहे अतुलनीय सहयोग हेतु ट्रस्ट द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान डॉ. गोस्वामी ने लोगों से अपील की कि डोर-टू-डोर सर्वे में पूछे जाने वाली जानकारी देकर सर्वे टीम का सहयोग करें ताकि प्रशासन कोरोना संक्रमण से लड़ने में आपकी मदद कर सके। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ते केसेस को देखते हुए जलालपुर ग्राम से बलजीत लोहमर को प्रथम पंक्ति योद्धाओं हेतु 40 किट दी गयी। वहीं डॉ. पीयूष गोस्वामी ने सभी लोगो से सकारात्मक रहने की अपील की व बताया कि ट्रस्ट द्वारा टेली काउंसलिंग के माध्यम से आमजन को मोरल सपोर्ट दिया जा रहा है।

# उप कारागृह में होम्योपैथिक दवाई वितरण



**बहरोड़.** दवा किट प्रदान करते हुए।

**बहरोड़.** कस्बे में स्थित उप कारागृह में मंथन फाऊंडेशन के द्वारा कोरोना के बढ़ते हुए प्रकोप को रोकथाम के लिए उप कारागृह में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए होम्योपैथिक दवाइयां वितरण की गई। जेलर रविंद्र उपाध्याय ने बताया कि ट्रस्ट ने गुरुवार को करीब 80 किट होम्योपैथिक दवाइयों के दिए गए जो कि बंदियों को दिए गए है। फिाउंडेशन के डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि सरकार के द्वारा लगातार कोरोना महामारी को रोकथाम के लिए अनेक तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान जेल की सरिता मीणा, अमृत सिंह और संस्था की डॉ. सविता गोस्वामी मौजूद रहे।

ा गया मेहनताना (4) 4. अत्यल्प,
-2) 7. आर्द्र, गीला (2) 8. सिंह, शेर,
ति, प्रेमी (3) 12. बेबस, विवश (4)
) 15. ढाढस, दिलासा (3) 16.
) 18. मक्का से मदीना तक की
. अप्सरा, परी (2) 21. यात्रीघर,
) 22. खदान (2) 25. गुमनाम (3)
धार्मिक कार्य कराने वाले (4) 28.
गवाड़ा, भविष्य आनेवाल समय (2)
त, सारा (3) 30. आत्मीयता, अपना
ह (5)
चे

# कोरोना वारियर्स की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए मंथन बाँट रहा होम्योपैथी दवाई




**बहरोड़।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं होम्योपैथी चिकित्सा विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कोरोना से बचाव एवं रोकथाम के लिए मंथन फाउंडेशन अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को निःशुल्क होम्योपैथिक दवाई वितरित कर रहा है। मंथन सचिव व होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार को ट्रस्ट द्वारा नगर पालिका बहरोड़ में कार्यरत अधिकारियों, कार्यकर्ताओं व सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 80 किट अर्थात 320 व्यक्तियों के लिए पालिका कंप्यूटर ऑपरेटर सुभाष चंद्र यादव व रवि यादव को सौंपे गए व उसके उपयोग की विधि से अवगत कराया गया। नगर पालिका चैयरमैन सीताराम यादव द्वारा दूरभाष के मध्यम से मंथन के इस प्रयास की सराहना की गई व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वहीं डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर काफी घातक रूप धारण करती जा रही है व रिसर्च में पाया गया है कि होम्योपैथी की दवाइयां इस बीमारी से बचाव हेतु वरदान की तरह साबित हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मंथन द्वारा बनाई गई यह किट फ्रंट लाइन वर्कर्स एवं उनके परिवारों की सुरक्षा के मद्देनजर बनाई गई है एवं संस्था द्वारा कोरोना योद्धाओं जैसे प्रशासन, चिकित्साकर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, सफाई कर्मचारियों एवं सामाजिक संस्थाओं के लिए यह निःशुल्क वितरण जारी रहेगा।

# मंथन ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को सौंपे 700 होम्योपैथिक दवाईयों के किट




**बहरोड़, 14 मई ( निसं )।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ द्वारा गुरुवार को आमजन के स्वास्थ्य के मद्देनजर नि:शुल्क होम्योपैथी दवाइयों के 700 किट महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपे गए। मंथन सचिव व होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयुष मंत्रालय की जारी गाईड लाईन के अनुसार दिनोदिन बढ़ते कोरोना केसेस को देखते हुए आमजन की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु बहरोड़ के सभी वार्डों में होम्योपैथिक दवाई का नि:शुल्क वितरण का प्रण लिया। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव से दूरभाष द्वारा वार्तालाप किया गया व उनके द्वारा आशा सहयोगिनियों द्वारा डोर टू डोर सर्वे के साथ साथ दवाई वितरण की सहमति जताई गई।

साथ ही संगीता यादव द्वारा इस प्रकार संस्था के आगे आ कर नि:स्वार्थ सेवाभाव की सराहना की गई। गौरतलब है कि जब से कोरोना संकट छाया हुआ है तब से ही मंथन सकारात्मक भूमिका अदा कर रहा है। टेली काउंसलिंग व वीडियोस के माध्यम से लोगों को सकारात्मक रवैया अपनाने व कोरोना गाईड लाईन का पालन करने का संदेश दे रहा है।

साथ ही प्रथम पंक्ति योद्धा जैसे नगर पालिका कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बैंक कर्मियों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी दवाई के किट दिए गए। इन सेवा कार्यो में डॉ. पीयूष गोस्वामी, ललिता प्रजापत, नेहा सूद, प्रशांत कुमार सहित अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# खोहर और बसई पंचायत में कोरोना गाइड लाइन की पालन के लिए प्रचार प्रसार

**बहरोड़, 14 मई ( निसं )।** कोरोना संक्रमण दूसरी लहर के प्रभाव को देखते



**कोटकाि**
कोरोना व
संक्रमण वे
प्रशासन द्व
जा रहे है
मुख्यालय
इन दिनों
मरीजों के
ओर से अ
की व्यवस
की आने
डिस्टेंस क
सीएससी
बताया वि
एवं बचा
आने वाले
होने के व
पालना न

# डेयरि सेने



# मिशन उल्लास का पोस्टर विमोचन



**बहरोड़।** मंथन फाउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोमवार को मिशन उल्लास के पोस्टर का विमोचन किया गया। कोरोना महामारी के कोरण ज्यादातर लोग चिंता, डर और तनाव का शिकार है और उनका मानसिक स्वास्थ्य भी सकारात्मक नहीं है।

मंथन चेयरमैन डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि कोरोना महामारी से लोग भयभीत ना हो इसी बात को ध्यान में रखकर मंथन ने एक मुहिम उल्लास की शुरुआत की है। जिसमें हेल्पलाइन नंबर्स के द्वारा ऐसे लोगों को परामर्श देंगे जो इस पेंडेमिक के चलते मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। डॉ.गोस्वामी ने कहा कि इस दौर में कोई परिवार या स्वयं के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है तो कोई व्यापार में हो रहे नुकसान के कारण, किसी छात्र को पढ़ाई की चिंता सता रही है तो आमजन रोज कोरोना के बढ़ते आंकड़ों की खबरों से भयभीत है। ऐसे में आवश्यकता है सकारात्मक रवैये की, अपने अंदर की ऊर्जा को बढ़ाने की व अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की। मंथन ने परामर्श हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर भी जारी किये है। जिनमें डॉ. सविता गोस्वामी 9610815815, डॉ. पीयूष गोस्वामी 9887162278, नेहा सूद 9928820908, रेणु प्रवीण यादव 8890929561, घनश्याम यादव 8505098598 आदि से विचार-विमर्श किया जा सकता है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आमजन से कोरोना गाइडलाइन की पालना करने व मास्क लगाने की अपील भी की है।

smarthalchal.com

# 'हम हैं इनकी आवाज़' कार्यक्रम आयोजित मूक बधिर सप्ताह पर किया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



स्मार्ट हलचल/संदीप भारद्वाज

**बहरोड।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ द्वारा बुधवार को मूक बाधिर सप्ताह के अंतर्गत 'हम हैं इनकी आवाज़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बहरोड़ स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय नं. 3 एवं राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, जौनायचा कला में बच्चों के बीच मूक- बधीर विषय पर एक कार्यशाला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को दिव्यांगता के प्रति जागरूक करना है ताकि वो विशेष जरूरत वाले बच्चों के साथ सही व्यवहार करें एवं उनको समाज का अभिनव हिस्सा बनने में सहायता करें। वहीं संस्था प्रधान अंजू यादव ने बताया कि दिव्यांग बच्चों का सामान्य बच्चों के साथ समायोजन करने में ऐसे आयोजन निश्चय ही लाभकारी हैं और जरूरी भी हैं। वहीं सुरभी यादव ने जानकारी दी कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुजाता रही, द्वितीय स्थान तन्नू व परीक्षित रहे व तृतीय स्थान भविष्य ने अर्जित किया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी बारह बच्चों को मेडल व पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान अंजू यादव , मंजू यादव, डॉ. अशोक मिश्र, रविन्द्र कुमार , सुनीता, अजय सिंह, सुनिता यादव, सुरभि यादव व डॉ. पीयूष गोस्वामी सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एनसीआर संदेश

# फुट ऑर्थोसिस पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**बहरोड़।** मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में दिव्यांग बच्चों को फुट ऑर्थोसिस वितरित किए गए। फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर पर कार्यक्रम आयोजित कर 9 बच्चों को फुट ऑर्थोसिस वितरित किए गए। गौरतलब है कि 11 जुलाई को मंथन फाउंडेशन द्वारा एक ऑर्थोटिक्स कैम्प का आयोजन मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में किया गया था। जिसमें जयपुर के प्रसिद्ध ऑर्थोटिक्स एवं प्रोस्थोटिक्स विशेषज्ञ डॉ. शशांक द्वारा बच्चों की जांच की गई एवं 9 बच्चों का चयन कर फुट ऑर्थोसिस का नाप लिया गया था। डॉ. शशांक द्वारा इन बच्चों को फुट ऑर्थोसिस का वितरण




किया गया। बच्चे अपने ऑर्थोसिस को प्राप्त कर खुश नजर आए तथा उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई।

फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि सही ऑर्थोसिस की मदद से न केवल बच्चों की गतिशीलता में वृद्धि होती है बल्कि परमानेंट विकलांगता को भी काफी हद तक रोका जा सकता है। साथ ही बच्चे अपनी दैनिक दिनचर्या को स्वतंत्रता पूर्वक करने में समर्थ हो पाते हैं। वहीं मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य को लेकर ही इस कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में अभी तक 100 से भी अधिक दिव्यांग बच्चों का रिहैबिलिटेशन किया जा चुका है। मंथन का यही प्रयास है कि इन बच्चों को रिहैबिलिटेशन, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, विशेष शिक्षा, काउंसलिंग, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि ये बच्चे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

# दिव्यांग बच्चों ने दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश

**बहरोड़, 23 अप्रैल ( निसं )।** पृथ्वी हमारी नहीं है, पृथ्वी से हम है। पृथ्वी है तो हमारा अस्तित्व है, यह नही तो कुछ भी नही। जलवायु व ध्वनि प्रदूषण द्वारा हम धरती नहीं बल्कि अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



यह बात मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर कही गयी। गोस्वामी ने बताया कि मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने घर पर चित्रकला, पौधारोपण व परिण्डे लगाकर ऑनलाइन माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया गया। डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि इस कोरोनाकाल मे हम सभी ऑक्सीजन की महत्ता से भली-भाँति अवगत हो चुके हैं। पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु, मनुष्य सभी पृथ्वी चक्र का अभिन्न अंग है एवं सभी मे सामंजस्य व एक दूसरे की सहायता समावेशित है। इस दिवस को विशेष बनाने में सुमित, नकुल, सीमा, ऋषि, अंकित सहित अन्य बच्चो ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

# सेवा ही संगठन अभियान के तहत भाजपा अलवर उत्तर का हेल्पलाइन नंबर जारी

# दिव्यांग बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क थैरेपी सेंटर मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार को एक नए अंदाज में मनाया गया। मंथन सचिव डॉण् सविता गोस्वामी द्वारा गुरुवार को इकोफ्रेंडली राखी अर्थात सीड राखी बनाने का प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों को दिया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा एक दूसरे को राखी बांधकर हमेशा कदम से कदम मिलाकर एक-दूसरे की रक्षा व सहयोग का संकल्प लिया गया। कनु गोस्वामी ने बताया कि इन राखियों को उपयोग के बाद गमले में लगाकर एक यादगार पौधे के रूप में हमेशा अपने पास रखा जा सकता है व साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग किया जा सकता हैं। मंथन के मंच से सभी बच्चों ने आमजन से भी इस प्रकार से इस महोत्सव को मनाने का निवेदन किया। इस दौरान डॉ. पीयूष गोस्वामी, शांति देवी, पूजा यादव, प्रवीण सैनी, सोनू यादव, अंकित इत्यादि उपस्थित जनो बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर की चतुर्थ वर्षगाँठ पितृ दिवस समर्पण के रूप में मनाई

**बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क रिहैबिलिटेशन सेंटर की चतुर्थ वर्षगांठ मनाई गई। सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि गत चार वर्षों में इस रिहैबिलिटेशन सेंटर में करीब 100 से भी अधिक दिव्यांग बच्चे लाभान्वित हो चुके है।




उन्होंने बताया कि आस पास ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता एवं संसाधनों की कमी के चलते दिव्यांग बच्चों को रिहैबिलिटेशन सुविधाएं जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, कॉउंसलिंग आदि की सुविधाएं नहीं मिल पाती जिससे जहाँ बच्चों का शारिरिक एवं बौद्धिक विकास नहीं हो पाता वहीं ऐसे बच्चों को सामाजिक उपेक्षा व तिरस्कार भी झेलना पड़ता है। संस्था का आगे का प्रयास यही रहेगा अधिक से अधिक बच्चे इन सुविधाओं से लाभान्वित हो सकें एवं आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इसी क्रम में चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुछ नए उपकरणों एवं स्टाफ के साथ रिहैबिलिटेशन सेंटर का विस्तार किया जा रहा है ताकि इन बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ट्रस्ट संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि चतुर्थ वर्षगांठ को पितृ दिवस को समर्पित करते हुए नए उपकरणों की शुरुआत दिव्यांग बच्चों के पिताओं अभिमन्यु यादव, सुबहसिंह धामा, प्रवीण सैनी, द्वारा फीता काटकर की। साथ ही बच्चों द्वारा इस उपलक्ष्य में केक भी काटा गया। कार्यक्रम में रक्षिता अग्रवाल, ललिता प्रजापत, जगमाल, रामसिंह , प्रशांत कुमार, सरिता यादव, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग आदि उपस्थित रहे।

# सम्भलता बचपन अभियान गत चार वर्षों से निरंतर जारी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बहरोड़**



मंथन फॉउन्डेशन चैरिटबल ट्रस्ट द्वारा सम्भलता बचपन अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई।

मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि उक्त मुहिम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न. 3, राजकीय विद्यालय न. 1 व इंदिरा कॉलोनी स्थित विद्यालयों के आर्थिक रूप से पिछड़े व शैक्षणिक क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले ग्यारह विद्यार्थियों को रजिस्टर, ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। साथ ही इस मुहिम को सम्बल प्रदान करते हुए शिवालिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरोड़ के निदेशक वरुण कुमार यादव द्वारा दो बच्चियों को उनके विद्यालय में निःशुल्क शिक्षण दिया जा रहा है एवं यादव ने यह भी घोषणा की है कि इस कोरोनाकाल मे जिस भी बच्चे ने अपने माता या पिता को खोया है उन्हें भी निःशुल्क शिक्षण शिवालिक में दिया जाएगा। वहीं वसंती यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि इन बच्चों को उनकी वर्तमान स्थिति से उठाना है तो उसके लिए शिक्षा ही एकमात्र उपाय है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा गत 4 वर्षो से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है व बच्चे भी सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं जिस शंखला में अरुण वर्मा द्वारा दसवीं कक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये गए। इस पुण्य कार्य मे मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, वसंती यादव, दीपक जैन, भावना अग्रवाल, अमित कुमार यादव, वरुण कुमार यादव, सुषमा गोस्वामी, सारिका जैन, आदि का विशेष सहयोग रहा। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय परिवार न. 3 से संस्था प्रमुख अंजू यादव, डॉ. अशोक मिश्र, इंदिरा कॉलोनी से प्रधानाध्यापक सुरेंद्र यादव, रणवीर यादव, व न. 1 से संस्था प्रधान संतोष यादव, सुनीता यादव मयस्टॉफ उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा 2018 से निरंतर चल रही इस पहल को अद्वितीय संबोधित करते हुए बारम्बार धन्यवाद किया गया।

# पर्यावरण नहीं बचा तो मानव जीवन भी नहीं बचेगा

## पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा में योगदान देने वाली संस्थाओं को दैनिक भास्कर ने ग्रीन पैरट अवार्ड से नवाजा

सिटी रिपोर्टर | जयपुर

दैनिक भास्कर की ओर से पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा में योगदान देने वाली 36 संस्थाओं को ग्रीन पैरट सोशल एंड एन्वायरनमेंट अवार्ड से नवाजा गया। द ललित होटल में शनिवार को आयोजित इस अवार्ड सेरेमनी के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि पर्यावरण बचाना सिर्फ सरकार और संस्थाओं का ही काम नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। पर्यावरण संरक्षण आज के युग में एक चुनौती है, यदि पर्यावरण नहीं बचेगा तो मानव जीवन भी नहीं बचेगा।

खाचरियावास ने भास्कर के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह लोग अपनी भावना से अलग-अलग फील्ड में काम कर रहे हैं। भास्कर ने खबरों के अलावा आगे बढ़कर ऐसे लोगों को सम्मानित किया, यह बहुत विशेष काम है। खाचरियावास ने ग्रीन पैरट अवार्ड से सम्मानित लोगों और संस्थाओं को भरोसा दिलाया कि यदि इस काम में कोई जरूरत पड़े तो वे हमेशा हाजिर रहेंगे। एसबीआई के सीजीएम विजय रंजन ने कहा कि एक-एक आदमी यह प्रण ले कि देश को साफ सुथरा रखना है तो पर्यावरण हरा भरा ही रहेगा। एसबीआई भी कई दफ्तर आज प्लास्टिक फ्री हैं और जल्द ही पेपर लेस बनाएंगे। समारोह में केयर्न वेदांता ग्रुप के अयोध्या प्रसाद ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित रहने का आह्वान किया। सेरेमनी में दैनिक भास्कर के स्टेट फाइनेंस हैड कमल कांत शर्मा व स्टेट स्पेशल इनिशिएटिव हैड चित्रा सिंह भी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान 300 ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए थे।





दैनिक भास्कर की ओर से होटल ललित में शनिवार को आयोजित ग्रीन पैरट अवार्ड समारोह में उपस्थित अवार्ड विजेता व प्रस्तुति देती छात्राएं।

## अलग-अलग कैटेगरी में 36 संस्थाओं और समाज सेवकों का सम्मान

अवार्ड सेरेमनी में गायत्री शर्मा को बेसिक एजुकेशन, इग्नाइट टॉक्स को स्किल डवलपमेंट, सुरत सिंह सुंडा को वृक्षारोपण, दिव्या कुमारी जैन प्लास्टिक पॉल्यूशन को कम करने, दादू पर्यावरण संस्थान को वाइल्स प्रिजर्वेशन, डिजाइन आक्यूपेंसी सर्विसेज एलएलपी को इनोवेटिव बिल्डिंग मेटेरियल, राजपूताना सोसायटी ऑफ नेचुरल हिस्ट्री को जल संरक्षण, अखिलेश काकानी को हेल्थकेयर, एयू फाउंडेशन महिला वित्तीय सशक्तिकरण, द ललित लक्ष्मी विलास पैलेस उदयपुर को सोशल केयर और क्लीन इंडिया, हेमंत भाई गोयल को निशक्तजन की देखभाल, मानव सेवा समिति को वृद्धाश्रम सुविधा, मुस्कान फाउंडेशन को सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता, डॉ. माया टंडन को सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सहायता, एन. चौधरी कला एवं संस्कृति संरक्षण, वेफ इंस्टिट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड



को ग्रामीण क्षेत्र और कृषि में नए तरीकों के प्रयोग, मोहसिन राजा विरासत कला संरक्षण, आशा का झरना को वंचितों की देखभाल के लिए, डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका को निशक्तजनों की देखभाल, डॉ. बी लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी को वाटर ट्रीटमेंट, डॉ. पीके सेठी को निशक्तजन के सशक्तीकरण, लाल बूंद जिंदगी रक्षक सेवा संस्थान को सड़क सुरक्षा जागरूकता, मंथन फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट को जरूरतमंदों की सहायता, श्री बालाजी गौशाला संस्थान सालासर को एनिमल वेलफेयर, ऑल इंडिया वेलफेयर सोसायटी महिला शिक्षा और स्किल डवलपमेंट, बच्चू सिंह वर्मा, चौधरी मनीराम रेवाड़ चेरिटेबल ट्रस्ट और राजेश शर्मा को वृक्षारोपण, रमेश कुमार पालीवाल को महिला और बाल विकास, अभिनव प्रगति समिति बगड़ बेसिक एजुकेशन को बढ़ावा देने, जगदीश कुमार लुहार को निशक्तजन की सहायता, त्रिमूर्ति एरियाना को वेस्ट मैनेजमेंट, प्रवीण लता संस्थान को स्किल डवलपमेंट और लैंगिक समानता, राजस्थान यूथ फाउंडेशन को स्वच्छ भारत और पर्यावरण, सुबद्ध संस्था को मानसिक रूप से कमजोर लोगों की देखभाल, जेके लक्ष्मीपति विवि को समाज विकास कार्यक्रमों के लिए अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर आईआईएस यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुति दी।

पहर पर मुस्कान लान व स्वटर का उपयाग करन का कहा ह।

# मंथन फाउंडेशन ट्रस्ट एक बार फिर हुआ सम्मानित




**टीएनआई आवाज**

**बहरोड़।** दिव्यांग सेवा को समर्पित राठ क्षेत्र की संस्था मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट को दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जा रहे अद्वितीय सेवा कार्यों हेतु लखनऊ की संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।मंथन चेयरमैन डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि लखनऊ की संस्था हार्ट एंड सॉल कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा देशभर से 11 संस्थाओं को सम्मानित किया गया।जिसमें मंथन फॉउन्डेशन को मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर व मंथन स्पेशल स्कूल द्वारा बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों हेतु व बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाने व साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग दिलाकर विश्व स्तर पर पहचान दिलाने हेतु सम्मान पत्र डाक द्वारा प्रेषित कर सम्मानित किया गया।इस सम्मान हेतु सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने हार्ट एंड सॉल की फॉउंडर व डायरेक्टर मंदाकिनी बहुगुना शास्त्री का आभार व्यक्त किया।इस नेक उद्देश्य की पूर्ति हेतु सहायक बन रहे सभी मंथन दिव्यांग सारथियों व वालंटियर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंन दात
देते हुए
समावेश
कहा की
बीच वैचा
मौके पर
शेखावत
का स्वागत
अवधारणा

चि
शी

धौलपुर
कोरोना
वासियों
सावधान
लोग अभी
वह इसे
धौलपुर
हालात बे
धौलपुर
व्यक्ति
नजर आ
रहे बल्लि
महकमे
जांच रि
चिकित्सा

# द्रष्टी बाधित मोनिका डांसर ने किया राठ क्षेत्र का नाम रोशन

राजस्थान विकास दर्पण

बहरोड़ (अनिल कुमार)। मंजिल उन्हीं को मिलती है,जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता,हौसलों से उड़ान होती है इन शब्दों को चरितार्थ करके दिखाया है राठ क्षेत्र की शान व जानीमानी हस्ती मोनिका भारती ने।मोनिका ने जन्म से दृष्टि बाधित होते हुए भी अपनी इस कमी को सफलता के आड़े नही आने दिया और डांस दीवाने जैसे कई बड़े टीवी शोज में अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया है।व इस दिशा में एक और कदम बढ़ाने जा रही है।इस उपलक्ष्य में मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को शुभकामना सहित विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि मोनिका कटरा जम्मू में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता हम किसी से कम नहीं के फाइनल राउंड में हिस्सा लेने जा रही है।इस शुभावसर पर



मोनिका को शुभकामना संदेश सहित विदाई देने हेतु मंथन कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें माता की पूजा अर्चना के पश्चात मोनिका को विजय तिलक लगाया गया।माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट की गई व अंगवस्त्र से सम्मान किया गया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।बसंती यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता मुस्कान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जा रही है।दिव्यांगजन कि प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से गत 10 वर्षों से लगातार यह टैलेंट हंट शो आयोजित किये जाते है।मुस्कान ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप मेहरा व उपाध्यक्ष रजनीश वर्मा ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रथम चरण में ऑडिशन्स हेतु देश के हर कोने से दिव्यांग प्रतिभाओं की वीडियोस आमंत्रित की गई व उनमें से पचास प्रतिभागियों का चयन किया गया।जो कि कटरा में 12,13 व 14 को होने जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।ऑडिशन राउंड में मोनिका की प्रस्तुति देखकर चयन कमिटी अचंभित रह गयी व मोनिका को डांस शोज के लिए अमेरिका ले जाने की भी बात कही।वहीं मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि ऑडिशन्स हेतु यह मोनिका सहित अन्य दिव्यांग बच्चों की वीडियो मंथन द्वारा भेजी गई थी।किंतु कोरोना प्रोटोकॉल को देखते हुए छोटे बच्चों को कटरा आमंत्रित नही किया गया व सभी बच्चों की प्रसंशा करते हुए भविष्य में आमंत्रित करने का आश्वासन दिया गया।शारदीय नवरात्रों का मन्थन के लिए विशेष महत्व रहा है।17 अक्टूबर 2015 को नवरात्रों में ही डांडिया महोत्सव के रूप में मंथन की स्थापना हुई थी।हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी इस मौके को यादगार बनाने हेतु विभिन्न आयोजन किये जायेंगे जिनका शुभारंभ आज किया गया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीयूष गोस्वामी,मोनिका शर्मा, चिन्मयी गोस्वामी,केशवी गोस्वामी,अंकित सैन,हदयांश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के लिए राज्य स्तरीय मीटिंग में मंथन फाउंडेशन ने लिया हिस्सा

**बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** कोरोना ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। जिसका खामियाजा हर आम आदमी को भुगतना पड़ा। कोरोना के चलते स्कूल कॉलेज सभी बंद रहे। जिसका असर सबसे अधिक बच्चों पर पड़ा और अगर दिव्यांग बच्चों की बात करें तो उनकी शिक्षा, थेरेपी, चिकित्सा एवं रोजगार भी व्यापक रूप से प्रभावित हुई। इसी क्रम में स्फेयर इंडिया एजेंसी द्वारा एक राज्य स्तरीय जूम मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के बीच चर्चा की गई कि किस प्रकार से कोरोना से प्रभावित हुई। दिव्यांगों की जिंदगी को पुन: पटरी पर लाया जा सकता है। इस मीटिंग में दिव्यांग बच्चों के न्यूट्रिशन, शिक्षा, काउन्सलिंग एवं सरकारी योजनाओं के लाभ को सभी दिव्यांगों तक पहुंचाने के लिये एक्सपर्ट्स द्वारा राय दी गयी एवं इस क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं से इन्हें बेहतर बनाने के लिये सुझाव भी लिये गए। इस मीटिंग में मंथन फाउंडेशन समेत 77 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंथन फाउंडेशन की सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने बताया कि स्फेयर इंडिया की इस पहल का लाभ निश्चित ही हर दिव्यांग तक पहुंचेगा।

साथ ही मंथन चैयरमैन डॉ. पीयूष गोस्वामी ने दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने की प्रोसेस को इजी करने सभी दिव्यांग बच्चों के चिन्हीकरण एवं समेकित शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने आदि बिंदुओं पर अपनी राय दी। इस कार्यक्रम में एनआईडीएम के एग्जेक्युटिव डायरेक्टर मेजर जनरल एम के बिंदल, राजस्थान के दिव्यांग विभाग के जॉइंट डायरेक्टर अशोक जांगिड़, डब्ल्यूएफपी के न्यूट्रिशन हेड डॉ सिद्दार्थ वाघलकर, एफएमएस एमएलएसयू के डायरेक्टर डॉ करुणेश सक्सेना, टेक्निकल एजुकेशन स्पेशलिस्ट एकता चंद, इंटरनेशनल माइंड एजुकेशन के डायरेक्टर उदयराज पाउंडेल, स्फेयर इंडिया की कॉलोब्रेटिव एडवोकेसी मैनेजर तनुश्री वर्मा, स्टेट कोऑर्डिनेटर धनंजय मील, एवं विभिन्न एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

Jio 4G airtel 82% 4:55 PM

5 MARCH 2021...

जसवंत, हैडकांस्टेबल रह रहा था।

मौत
सौंपा

के पास
ई। जिसे
कराया।
पुलिस ने
क शराब
की हालत
इलाज के
कल टीम
या। इधर

कल
में वरिष्ठ
सम्मान,
को
पुरुस्कार
वितरित
साथ ही
नुपालना,
बजट
अनुमोदन
दुओं पर



# मंथन के सफल होते प्रयास चलने लगी निःशक्त बालिका

बहरोड़। मंथन फाउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग सेवा हितार्थ संचालित मंथन सीबीआर सेंटर, जैनपुरवास को एक बड़ी सफलता मिली है जहाँ एक 3 वर्षीय निःशक्त बालिका चलने लगी। प्रोजेक्ट मैनेजर रामसिंह मोरोड़िया ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व सेंटर में एक काजू नाम की बच्ची आई। जो चलना तो दूर ठीक से बैठ भी नहीं पाती थी। उसके परिवारजन पूरी तरह से उम्मीद खो चुके थे ऐसी परिस्थिति में आशा की किरण बनकर मंथन सीबीआर सेंटर उनके सामने आया। रामसिंह व उनके सहयोगियों द्वारा डॉ. पीयूष गोस्वामी के मार्गदर्शन में बच्ची को निःशुल्क फिजियोथेरेपी, एक्सरसाइज, योगा व अन्य थेरपीस दी गई। जिससे पहले वह चलने-फिरने लगी है। मंथन की इस सकारात्मक बदलाव से बच्ची व उसके परिजनों का का जीवन ही बदल चुका है। इस उपलब्धि पर अभिभावकों व ग्रामीणों ने मंथन टीम का आभार



# नारी शक्ति का हुआ सम्मान

**बहरोड़।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सेवारत महिलाओं का सम्मान पुलिस थाना बहरोड़, उपजिला अस्पताल, एयू बैंक व राजकीय विद्यालय नंबर 3 में किया गया। सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी, बैंककर्मी, महिला चिकित्सक, अध्यापिकाओं व समाजसेवा में अग्रणी नारी शक्तियों का सम्मान मंथन पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध हस्तियों ने अपना संदेश सम्पूर्ण नारी जाति हेतु भी दिया। कार्यक्रम में रेणुका यादव, वासंती यादव, रेखा गोस्वामी, ललिता यादव, सरोज यादव, सोनिया, डॉ. निधि यादव, डॉ. पूजा यादव, पिंकी सुषमा, पिंकी, पारुल जोशी, रिया आहूजा आदि उपस्थित रही।

# दिव्यांग सेवा के प्रति बढ़ रहा युवाओं का जज्बा

हमारा समाचार

**बहरोड/जितेंद्र सेतिया/-** हाल ही माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राजस्थान आनंदम योजना चलाई गई है,जिसका अंतर्गत कॉलेज में पढ़ रहे बच्चों को कम्युनिटी सेवा में आगे आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं बच्चों में भी कम्युनिटी एवं सोशल वर्क के लिए काफी उत्साह नजर आ रहा है। इसी क्रम में जर्नलिज्म की छात्रा रक्षिता अग्रवाल ने मंथन फाउंडेशन के कार्यालय में विजिट किया एवं डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा संस्था के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए किए जाने वाले प्रयासों को बारीकी से सीखा एवं समझा। विजिट के दौरान उन्होंने बच्चों एवं उनके माता पिता से भी संपर्क किया जिससे उन्हें पता लगा कि गांवों एवं छोटे शहरों में सुविधाओं एवं जागरूकता के आभाव में दिव्यांग बच्चों को वे सभी सुविधाएं नहीं मिल पाती जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है साथ ही समाज द्वारा शारिरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को उपेक्षित भी किया जाता है। सुविधाओं के अभाव के साथ साथ पुनर्वास सुविधाओं की महँगी फीस के कारण भी बच्चे थेरेपीज से वंचित रह जाते हैं। पर मंथन दिव्यांग बच्चों एवं उनके माता पिता के लिए उम्मीद की किरण है जहां बच्चों को न केवल निःशुल्क शिक्षा दी जाती है बल्कि निःशुल्क थेरेपीज,व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें साथ ही उन्होंने दिव्यांगता के प्रकार, कारणों, एवं इससे बचने के उपायों के बारे में डॉ0 सविता गोस्वामी से भी चर्चा की। डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि मानसिक एवं शारीरिक दिव्यांगता के कई प्रकार है जिसमें मानसिक मंदता, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी, श्रवण बाधिता, दृष्टि बाधिता, आटिज्म आदि मुख्य हैं।



*इस सेवा कार्य में उन्हें फाउंडेशन के अन्य सदस्यों एवं दानदाताओं का सहयोग भी बराबर मिलता रहता है। जर्नलिस्म छात्रा रक्षिता ने संस्था की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली को बारीकी से जाना साथ ही उनके द्वारा बच्चों को स्टेशनरी किट भी उपलब्ध कराई गई।

मंडल में अनेकों पदों पर रहते हुए भी तन्मयता से निभाई जिनको निरंकारी
सभी सेवाएं गुरु मत और मर्यादा मिशन सदैव ही याद रखेगा।

एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरिंदम तोमर भी मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों की मंगल कामना के लिए किया यज्ञ

**बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. अरविंद गोस्वामी व सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने मंगलवार को अपना जन्मदिन बड़ी सादगी से मनाया। इस उपलक्ष्य में मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क थेरेपी सेंटर मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना के उद्देश्य से एक यज्ञ का आयोजन किया गया। ट्रस्ट संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में पुरातन काल से ही यज्ञ एवं हवन की अहम भूमिका रही है व इसकी महत्ता से हम सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व विभिन्न थेरेपीस की निःशुल्क सेवा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की मंगल कामना के उद्देश्य से योगाचार्य विद्यारत्न शास्त्री के मार्गदर्शन में यज्ञ का आयोजन किया गया। गत पाँच वर्षों से लगातार दिव्यांग सेवा हेतु समर्पित संस्था मंथन का यही उद्देश्य है कि ये बच्चें आत्मनिर्भर बन सके और इसी दिशा में हर सम्भव प्रयास ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में हवन में आहुति देकर गुरुदेव एवं ईष्ट का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। यज्ञ के पश्चात बच्चों को प्रसाद, पेंसिल किट, कलर आदि वितरित किये गए जिन्हें पाकर बच्चे बहुत उत्साहित व प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में सुषमा गोस्वामी, चिन्मयी गोस्वामी, केशवी गोस्वामी, रामसिंह , ललिता प्रजापत, दीपक शास्त्री, आदि सहित बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

